दिन–सोमवार	दिनांक– 03 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।	अवधिः– 15 मिनट

---

01. उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने आज वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस छब्बीस का बजट पेश किया। बजट में बावन नई घोषणाएं की गई।

02. वित्त मंत्री ने अरहर, मूंग और उड़द दाल की एमएसपी पर खरीद की घोषणा की। पूर्णियां हवाई अड्डे से तीन महीने में शुरू होगा विमानों का परिचालन।

03. वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस छब्बीस के बजट का आकार बढ़कर लगभग तीन लाख सत्रह हजार करोड़ रुपये हुआ। सबसे अधिक साठ हजार करोड़ रुपये का आवंटन शिक्षा क्षेत्र के लिए।

04. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बजट की सराहना करते हुए इसे संपूर्ण, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला बताया।

05. और, राजद तथा कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने बजट की आलोचना की। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बजट में विपक्ष की मांगों की अनदेखी करने का लगाया आरोप।

---

उपमुख्यमंत्री सह वित्तमंत्री सम्राट चौधरी ने आज विधानसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस छब्बीस का बजट पेश किया। बजट में बावन नई घोषणाएं की गई हैं। श्री चौधरी ने कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र पर सबसे अधिक ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि अब राज्य के किसानों से अरहर, मूंग और उड़द की दाल न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीदी जायेगी।

–––बाइट–––

बजट में इक्कीस कृषि बाजार उत्पादन समिति के लिए एक हजार दो सौ नवासी करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। श्री चौधरी ने बताया कि शेष सत्रह बाजार उत्पादन समिति को भी जल्द ही क्रियाशील किया जायेगा। वित्तमंत्री ने कहा कि किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी करने के लिए बिहार खाद्य प्रसंस्करण नीति दो हजार पच्चीस लाई जायेगी। समस्तीपुर के पूसा में गुड़ के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना होगी।

बजट में महिलाओं के लिए कई घोषणाएं की गई हैं। वित्तमंत्री ने कहा कि रोड, ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन में महिलाओं को नौकरी में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। महिलाओं को ई–रिक्शा और दोपहिया वाहन खरीदने के लिए अनुदान मिलेगा। इसके अलावा बड़े शहरों में पिंक बस सेवा की शुरूआत की जायेगी, जिसमें सिर्फ महिलाएं सफर कर सकेंगी। इन बसों का संचालन भी महिलाओं द्वारा होगा। प्रमुख शहरों में महिलाओं के लिए ड्राइविंग सेंटर खुलेंगे, जिसमें ट्रेनर भी महिलाएं होंगी। वित्तमंत्री ने पंचायत स्तर पर गरीब कन्या विवाह मंडप बनाये जाने की घोषणा की।

–––बाइट–––

वित्तमंत्री ने कहा कि राज्य में निजी मेडिकल कॉलेज खोलने के साथ ही पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप, पीपीपी मोड में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जायेंगे। शहरी क्षेत्र में नगर चिकित्सा सुविधा केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। उन्होंने बेगूसराय में कैंसर अस्पताल खोले जाने की घोषणा की।

–––बाइट–––

वित्तमंत्री ने कहा कि जिन तीन सौ अट्ठावन प्रखंडों में अब तक अंगीभूत राजकीय डिग्री महाविद्यालय नहीं हैं, वहां सरकारी या निजी स्तर पर महाविद्यालयों की स्थापना होगी। उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा तथा अति पिछड़ा वर्ग को दी जाने वाली प्री मैट्रिक छात्रवृति की राशि दोगुना करने की घोषणा की।

–––बाइट–––

वित्तमंत्री ने कहा कि कि सरकार कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि राजगीर, सुल्तानगंज और रक्सौल हवाई अड्डे को विकसित किया जायेगा। साथ ही भागलपुर, वाल्मिकीनगर, वीरपुर, मधुबनी, मुंगेर, सहरसा और मुजफ्फरपुर हवाई अड्डे को उड़ान योजना के तहत विकसित किया जायेगा। उन्होंने पूर्णियां एयरपोर्ट से अगले तीन महीने में हवाई यातायात शुरू किए जाने की घोषणा की।

–––बाइट–––

वित्तमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार सत्ताईस तक सरकार का लक्ष्य लोगों को राज्य के किसी भी कोने से चार घंटे के अंदर राजधानी पटना पहुंचाने का है। श्री

चौधरी ने कहा कि सभी जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड का आधुनिकीकरण किया जायेगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में निबंधन की प्रक्रिया को पूरी तरह पेपरलेस किया जायेगा। देश या देश के बाहर रहने वाले व्यक्ति ऑनलाईन भी निबंधन करवा सकेंगे।

---बाइट---

वित्तमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए नई औद्योगिक नीति दो हजार पच्चीस लाई जायेगी। साथ ही उन्होंने दिल्ली और मुंबई के अलावा देश के प्रमुख शहरों बिहार के एकीकृत केन्द्र की स्थापना की घोषणा की। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में निवेश के लिए इन्वेस्टमेंट, प्रमोशन सेल का कार्यालय खोला जायेगा। साथ ही बिहार फाउंडेशन कार्यालय की स्थापना की जायेगी। वित्तमंत्री ने कहा कि मौसम संबंधी आपादाओं के जोखिम को कम करने के लिए सुदृढ़ और सक्षम मल्टी हैजार्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम के तहत हाइब्रिड डॉप्लर वेदर रडार नेटवर्क की स्थापना का प्रस्ताव है। पहले चरण में पश्चिम चंपारण और भागलपुर जिले में इसकी स्थापना होगी।

वित्तमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के बजट का आकार लगभग तीन लाख सत्रह हजार करोड़ रुपये है। श्री चौधरी ने कहा कि यह पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग अड़तीस हजार करोड़ रुपये अधिक है।

---बाइट---

वित्तमंत्री ने कहा कि बजट में सबसे अधिक साठ हजार करोड़ रुपये का आवंटन शिक्षा विभाग के लिए किया गया है।

---बाइट---

बजट पेश करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने वित्तीय प्रबंधन को तय मानकों के अंदर रखा जिससे वित्तीय अनुशासन बना रहा। उन्होंने कहा कि राजकोषीय घाटा को तीन प्रतिशत पर बनाए रखने की कोशिश की गई है। श्री चौधरी

ने कहा कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य  और आधारभूत संरचना के क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बजट की सराहना करते हुए इसे संपूर्ण, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट न्याय के साथ विकास के संकल्प को और मजबूत करेगा। श्री कुमार ने कहा कि इसमें किसानों उद्यमियों, युवाओं और महिलाओं समेत समाज के सभी वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है।

---

राजद तथा कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने बजट की आलोचना की है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बजट में कुछ भी नया नहीं है। श्री यादव ने कहा कि बजट में रोजगार की कोई चर्चा नहीं है। उन्होंने बजट में विपक्ष की मांगों को अनदेखा करने का भी आरोप लगाया।

———बाइट———

इधर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने बजट को उम्मीद के प्रतिकूल बताया। उन्होंने कहा कि चुनावी साल के बजट में भी रोजगार और महंगाई कम करने की बात नहीं होना आश्चर्यजनक है। वामपंथी दलों ने भी बजट की आलोचना की है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए आज अपना नामांकन दाखिल किया। कल पटना में राज्य परिषद की होने वाली बैठक में उनके चयन की औपचारिक घोषणा की जायेगी। बैठक में प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद रहेंगे।

---

01. उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने आज वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस छब्बीस का बजट पेश किया। बजट में बावन नई घोषणाएं की गई।

02. वित्त मंत्री ने अरहर, मूंग और उड़द दाल की एमएसपी पर खरीद की घोषणा की। पूर्णियां हवाई अड्डे से तीन महीने में शुरू होगा विमानों का परिचालन।

03. वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस छब्बीस के बजट का आकार बढ़कर लगभग तीन लाख सत्रह हजार करोड़ रुपये हुआ। सबसे अधिक साठ हजार करोड़ रुपये का आवंटन शिक्षा क्षेत्र के लिए।

04. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बजट की सराहना करते हुए इसे संपूर्ण, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला बताया।

05. और, राजद तथा कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने बजट की आलोचना की। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बजट में विपक्ष की मांगों की अनदेखी करने का लगाया आरोप।

---

समाप्त